# प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान

Institute for **Plasma Research**

भाट, इन्दिरा ब्रिज के पास , गांधीनगर – 382 428 (भारत)

Bhat, Near Indira Bridge, Gandhinagar – 382 428 (India)

***Web: www.ipr.res.in***

## विज्ञापन संख्या: 09/2023

प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान (आईपीआर), भारत सरकार के परमाणु ऊर्जा विभाग के तहत एक प्रमुख वैज्ञानिक संस्थान है, जो बुनियादी प्लाज़्मा भौतिकी, चुंबकीय परिसीमित संलयन और प्लाज़्मा के औद्योगिक अनुप्रयोगों के क्षेत्रों में अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों के प्रति समर्पित है। आईपीआर, भाट, गाँधीनगर, गुजरात में स्थित है और गाँधीनगर, गुजरात के सेक्टर 25 में स्थित जीआईडीसी में इसकी प्रयोगशालाओं का विस्तार है और गुवाहटी में भी इसका एक केन्द्र है।

सीधी भर्ती के आधार पर निम्नलिखित पदों के लिए योग्यताप्राप्त उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:

**पद का नाम: वैज्ञानिक सहायक - बी (वेतन मैट्रिक्स का स्तर-6)**

| क्र. सं. | पोस्ट कोड | विषय | स्थान | पदों की संख्या | | | | शैक्षिक और तकनीकी योग्यता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | UR | EWS | PwBD | कुल | |
| 1. | 101 | सिविल | आईपीआर | 00 | 01 | 00 | 01 | न्यूनतम 60% अंकों के साथ सिविल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा (SSC के बाद 3 वर्ष) \| |
| 2. | 102 | इलेक्ट्रानिक्स | आईपीआर | 02 | 02 | 01@ | 05 | न्यूनतम 60% अंकों के साथ इलेक्ट्रानिक्स इंजीनियरिंग में डिप्लोमा (SSC के बाद 3 वर्ष) । |
| 3. | 103 | मैकेनिकल | आईपीआर | 02 | 01 | 00 | 03 | न्यूनतम 60% अंकों के साथ मैकेनिकल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा (SSC के बाद 3 वर्ष)। |
| 4. | 104 | इलेक्ट्रिकल | सीपीपी-आईपीआर | 01 | 00 | 00 | 01 | इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा (SSC के बाद 3 वर्ष) न्यूनतम 60% अंकों के साथ। |
| 5. | 105 | कंप्यूटर | आईपीआर | 00 | 01 | 00 | 02 | न्यूनतम 60% अंकों के साथ कंप्यूटर इंजीनियरिंग में डिप्लोमा (SSC के बाद 3 वर्ष)। या न्यूनतम 60% अंकों के साथ कंप्यूटर विज्ञान में बीएससी । |
| | | | सीपीपी-आईपीआर | 01 | 00 | 00 | | |
| 6. | 106 | इन्स्ट्रूमेंटेशन | आईपीआर | 01 | 01 | 00 | 03 | न्यूनतम 60% अंकों के साथ इंस्ट्रूमेंटेशन इंजीनियरिंग में डिप्लोमा (SSC के बाद 3 वर्ष)। |
| | | | सीपीपी-आईपीआर | 01 | 00 | 00 | | |

@ **PwBD** पद इनके लिए आरक्षित है: श्रवण बाधा/एक पैर/एक हाथ/बौनापन/एसिड हमले के पीड़ित।

प्रयुक्त संक्षिप्ताक्षर**:**
**UR:** अनारक्षित
**EWS:** आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग
**PwBD:** बेंचमार्क दिव्यांगता वाले व्यक्ति
**IPR**: आईपीआर, गांधीनगर
**CPP-IPR:** सीपीपी-आईपीआर, गुवाहाटी

**टिप्पणी:**

(1) शैक्षिक / तकनीकी योग्यता, केंद्र या राज्य सरकार के किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / तकनीकी शिक्षा बोर्ड से होनी चाहिए।

(2) यदि विश्वविद्यालय/बोर्ड, लेटर ग्रेड/सीजीपीए/ओजीपीए/एसजीपीए प्रदान करते हैं, तो उसे उस विश्वविद्यालय/बोर्ड द्वारा अपनाए गए मानदंडों के अनुसार अंकों के समकक्ष प्रतिशत के रूप में इंगित किया जाना चाहिए। यदि आवेदन पत्र में अंकों का प्रतिशत नहीं दर्शाया गया है तो उनकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा।

(3) पोस्ट कोड 105 और 106 के लिए: ऑनलाइन आवेदन में, उम्मीदवार उपरोक्त विज्ञापित पदों के लिए निम्नलिखित तीन उपलब्ध आवेदन विकल्पों में से केवल एक का चयन करेंगे:

a) केवल आईपीआर पदों के लिए आवेदन
या
b) केवल सीपीपी-आईपीआर पदों के लिए आवेदन
या
c) आईपीआर/सीपीपी-आईपीआर पदों के लिए आवेदन (इस विकल्प का चयन करने वाले उम्मीदवारों को चयनित होने पर उनके विषय में उपलब्ध रिक्ति के आधार पर, आईपीआर या सीपीपी-आईपीआर में नियुक्त किया जा सकता है)

उम्मीदवार के आवेदन पर, उनके द्वारा उपरोक्त के अनुसार चयनित पदों पर विचार किया जायेगा ।

(4) **ऑनलाइन आवेदन जमा करने हेतु पोर्टल 13/09/2023 से लाइव होगा.**

**कार्य का विवरण**:

चयनित उम्मीदवारों को प्लाज्मा एवं फ्यूजन विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अनुसंधान और विकास तथा आईपीआर/सीपीपी-आईपीआर के हित के किसी अन्य क्षेत्र से संबंधित विभिन्न गतिविधियों (उनके विषयों से संबंधित) में सहायता/पर्यवेक्षण करना होगा।

**आयु सीमा** :

न्यूनतम आयु 18 वर्ष और अधिकतम आयु 30 वर्ष। अधिकतम आयु सीमा में छूट समय-समय पर इस संबंध में केंद्र सरकार के संशोधित आदेशों के आधिन होगी।

**वेतन स्तर**:

वेतन मैट्रिक्स का लेवल-6 और प्रारंभिक मूल वेतन ₹ 35,400/- प्रतिमाह। (सातवें सीपीसी के अनुसार)।

1. **<u>चयन प्रक्रिया:</u>**

विज्ञापन के प्रत्युत्तर में प्राप्त ऑनलाइन आवेदनों के वैधता की जाँच, उम्मीदवार द्वारा भरे गए सभी मानदंडों जैसे आयु, शैक्षणिक योग्यता, श्रेणी प्रमाण पत्र, शुल्क रसीद आदि के आधार पर की जाएगी। स्क्रीनिंग टेस्ट/साक्षात्कार के लिए केवल वैध आवेदकों (वैध आवेदन वाले उम्मीदवारों) पर ही विचार किया जाएगा।

आवेदन अधिक संख्या में प्राप्त होने पर स्क्रीनिंग टेस्ट (लिखित परीक्षा) आयोजित किया जाएगा। यह परीक्षा संबंधित विषय क्षेत्र में वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्नों (बहुविकल्पीय प्रश्न) पर आधरित होगी। अंतिम चयन पूरी तरह से व्यक्तिगत साक्षात्कार में प्रदर्शन के आधार पर होगा।

2. **<u>आवेदन शुल्क</u>:**

उपरोक्त पदों के लिए शुल्क संरचना नीचे दी गई है:

| S. No. | Category | Amount (₹) |
|---|---|---|
| 1. | SC/ST/महिला/PwBD/EWS/ पूर्व सैनिक | शून्य |
| 2. | अन्य श्रेणियों के लिए | 200/- |

**भुगतान का प्रकार: केवल ऑनलाइन माध्यम से (एसबीआई कलेक्ट)**

**ऑनलाइन भुगतान की पद्धति:**

1. Visit SBI Collect: https://www.onlinesbi.com/sbicollect/icollecthome.htm
2. Proceed →State of Corporate / Institution: Gujarat
3. Type of Corporate / Institution: Others
4. Others Name: Institute for Plasma Research
5. Select Payment Category: Application Fees IPR
6. In the remarks column, please mention Advt. No. and Post Code
7. Make payment.
8. Print/Download receipt.

# सामान्य जानकारी

1. केवल भारतीय नागरिकों ही आवेदन करने के पात्र होंगे।

2. इस विज्ञापन में दर्शाई गई रिक्तियों की संख्या अनंतिम है और संस्थान की वास्तविक आवश्यकता के आधार पर इसे बढ़ाया या घटाया जा सकता है। चयनित उम्मीदवारों को भर्ती के समय या बाद में आईपीआर के किसी भी स्थान पर तैनात किया जा सकता है।

3. ऑनलाइन आवेदन भरने से पहले, उम्मीदवारों को विस्तृत विज्ञापन जरूर पढ़ना चाहिए। कृपया ऑनलाइन आवेदन तभी भरने के लिए आगे बढ़ें जब आप संतुष्ट हों कि आपके पास पद के लिए निर्धारित आवश्यक योग्यताएं हैं, अन्यथा प्रस्तुत आवेदन पूरी तरह से खारिज कर दिया जाएगा।

4. ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि तक पद के लिए निर्धारित योग्यता से अधिक योग्यता (जैसे एम.एससी, बी.ई, बी.टेक आदि डिग्री) रखने वाले उम्मीदवारों को विज्ञापित पद के लिए आवश्यकता से अधिक योग्य माना जाएगा और उन पर विचार नहीं किया जाएगा, यदि बाद के चरण में यह पाया जाता है कि उम्मीदवार ने आवेदन के समय अपनी उच्च योग्यता से संबंधित जानकारी छिपाई है, तो आगे की प्रक्रिया के लिए उनकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा।

5. आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे ऑनलाइन आवेदन में अपने सभी विवरण सावधानीपूर्वक भरें और जन्म तिथि, शैक्षिक योग्यता, अनुभव, आयु में छूट आदि के समर्थन में नवीनतम पासपोर्ट आकार की रंगीन तस्वीर समेत सम्बंधित दस्तावेजों की सुपाठ्य स्कैन प्रतियां अपलोड करें। अन्यथा गलत जानकारी प्रस्तुत करने पर कंप्यूटर आधारित शॉर्ट-लिस्टिंग के माध्यम से अस्वीकृति हो सकती है। भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में अपेक्षित मानदंडों को पूरा नहीं करने वाले आवेदनों को अस्वीकार करने का अधिकार संस्थान के पास सुरक्षित रहेंगे।

6. आवेदकों को उनके ऑनलाइन आवेदन पत्र में भरी गई जानकारी के आधार पर ही लिखित परीक्षा/साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा। यदि बाद के चरण में यह पाया जाता है कि आवेदक द्वारा दी गई जानकारी गलत है या कोई आवेदक पात्रता शर्तों को पूरा नहीं करता है, तो ऐसे आवेदकों की उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी और इस संबंध में किसी भी पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।

7. जब तक कि अन्यथा निर्दिष्ट न हो, सभी मामलों में सभी उम्मीदवारों की पात्रता निर्धारण की तारीख ऑनलाइन आवेदन जमा करने की निर्धारित अंतिम तिथि होगी ।

8. प्रत्येक आवेदक को लागू पोस्ट कोड के लिए केवल एक ऑनलाइन आवेदन जमा करने की सलाह दी जाती है। अपितु , यदि उम्मीदवार एक से अधिक ऑनलाइन आवेदन जमा करता है, तो यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि उच्चतर 'एप्लिकेशन आईडी नंबर' वाला ऑनलाइन आवेदन सभी प्रकार से पूर्ण है। जो आवेदक एक से अधिक ऑनलाइन आवेदन जमा करते हैं, उन्हें ध्यान देना चाहिए कि केवल उच्चतर 'एप्लिकेशन आईडी नंबर' यानी नवीनतम ऑनलाइन आवेदन पर ही संस्थान द्वारा आगे की प्रक्रिया के लिए विचार किया जाएगा।

9. एक बार भुगतान किया गया शुल्क किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं किया जाएगा और न ही किसी अन्य परीक्षा के लिए आरक्षित रखा जा सकता है।

10. एससी/एसटी/ओबीसी/पीडब्ल्यूबीडी/पूर्व सैनिक/ईडब्ल्यूएस श्रेणी के तहत आयु में छूट और/या शुल्क के भुगतान से मुक्ति की मांग करने वाले उम्मीदवारों को भारत सरकार के निर्धारित प्रारूप में प्रमाण पत्र जमा करना आवश्यक है, ऐसा न करने पर उनकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा।

11. पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों की विभिन्न श्रेणियों के लिए "विकलांग व्यक्तियों के अधिकार अधिनियम" के अनुसार मानदंड लागू होंगे। शॉर्टलिस्ट किए गए आवेदकों को प्रमाणपत्रों के सत्यापन के समय सक्षम चिकित्सा प्राधिकारी द्वारा निम्न अधिनियम के अनुसार जारी निर्धारित प्रमाणपत्र की स्व-सत्यापित प्रति प्रस्तुत करनी होगी।

    a) सुनने में कठिनाई (HH): दोनों कानों में भाषण आवृत्ति में 60 DB से 70 DB का श्रवण दोष।
    b) लोकोमोटर विकलांगता (OL - एक पैर / OA - एक भुजा): शारीरिक विकृति 40 प्रतिशत से कम नहीं होनी चाहिए।
    c) बौनापन (Dw): एक चिकित्सीय या आनुवांशिक स्थिति जिसके परिणामस्वरूप वयस्क की ऊंचाई 4 फीट 10 इंच (147 सेंटीमीटर) या उससे कम होती है।
    d) एसिड अटैक पीड़ित (एएसी): तेज़ाब या इसी तरह के संक्षारक पदार्थ फेंकने से हुए हिंसक हमलों के कारण विकृत हुआ व्यक्ति।

12. सभी योग्यताएं केवल मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों/बोर्डों/संस्थानों से होनी चाहिए। अन्य देशों से योग्यता रखने वाले आवेदकों को यूजीसी / एआईयू से समकक्षता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

13. सरकारी सेवा / सहायता प्राप्त / स्वायत्त / अर्ध सरकारी / सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को स्क्रीनिंग टेस्ट/साक्षात्कार के समय नियोक्ता से "अनापत्ति प्रमाणपत्र" जमा करना आवश्यक है, ऐसा न करने पर उन्हें स्क्रीनिंग टेस्ट/साक्षात्कार में उपस्थित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

14. आयु के प्रमाण के रूप में केवल निम्नलिखित प्रमाण पत्र/दस्तावेज स्वीकार्य हैं (कोई भी एक):
    i. जन्मतिथि जैसा कि जन्म प्रमाण पत्र में दर्ज है।
    ii. माध्यमिक विद्यालय छोड़ने का प्रमाणपत्र ।
    iii. मैट्रिकुलेशन/माध्यमिक विद्यालय प्रमाणपत्र जिसमें जन्मतिथि का उल्लेख हो।

15. यह जरूरी नहीं कि न्यूनतम योग्यता पूरी करने और ऑनलाइन आवेदन भरने पर स्क्रीनिंग टेस्ट और/या साक्षात्कार के लिए बुलावा आए। संस्थान बिना कोई कारण बताए किसी भी आवेदन को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। अपूर्ण आवेदनों को सरसरी तौर पर खारिज कर दिया जा सकता है। किसी भी अंतरिम पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा। प्राधिकारियों के पास बिना कोई कारण बताए किसी आवेदक को स्क्रीनिंग टेस्ट और/या साक्षात्कार के लिए न बुलाने का पूरा अधिकार सुरक्षित है। चयन की प्रक्रिया में होने वाले किसी भी मुद्दे/अस्पष्टता के मामले में, संस्थान का निर्णय अंतिम होगा।

16. लिखित परीक्षा अहमदाबाद/गांधीनगर और गुवाहाटी में आयोजित की जाएगी।

17. उम्मीदवार को ऑनलाइन आवेदन प्रणाली में भरे गए विकल्प के अनुसार स्क्रीनिंग टेस्ट (लिखित परीक्षा) के लिए उपस्थित होना होगा। भर्ती के किसी भी चरण में परीक्षा केंद्र में बदलाव के अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

18. साक्षात्कार आईपीआर गांधीनगर में आयोजित किया जाएगा। अधिक जानकारी वेबसाइट पर अपडेट की जाएगी।

19. साक्षात्कार के लिए बुलाए गए बाहरी योग्य उम्मीदवारों को वापसी टिकट होने पर उसका मूल टिकट/फोटोकॉपी प्रस्तुत करने और जमा करने पर सीधे और सबसे छोटे मार्ग से आने-जाने के लिए द्वितीय/शयनयान श्रेणी के रेल/राज्य परिवहन बस के किराए की प्रतिपूर्ति की जाएगी।

20. उपरोक्त पद के लिए वेतन एवं भत्ते के अलावा अंशदायी स्वास्थ्य सेवा योजना के तहत एचआरए, चिकित्सा योजना की सुविधा उपलब्ध होगी। नई पेंशन योजना, एलटीसी, स्कूल जाने वाले बच्चों के लिए बाल शिक्षा भत्ता और परिवहन भत्ते के बदले परिवहन सुविधा (मार्ग वाहन में सीटों की उपलब्धता के आधार पर) जैसी सुविधाएं संस्थान के नियमों के अनुसार उपलब्ध होगी।

21. **उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे ऑनलाइन आवेदन में अपना सही और सक्रिय ई-मेल पता और मोबाइल नंबर भरें क्योंकि संस्थान द्वारा सभी संचार केवल ई-मेल के माध्यम से किए जाएंगे। उम्मीदवारों को भर्ती के नियमित अपडेट के लिए संस्थान की वेबसाइट देखने की भी सलाह दी जाती है।**

22. शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों की सूची आईपीआर वेबसाइट पर पोस्ट की जाएगी। जिन उम्मीदवारों को शॉर्टलिस्ट नहीं किया गया है उनके लिए कोई अलग से संचार नहीं किया जाएगा। इस संबंध में किसी भी पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।.

23. आईपीआर के पास उपरोक्त पद के लिए किसी भी उम्मीदवार का चयन न करने या बिना कोई कारण बताए किसी भी स्तर पर विज्ञापन रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है।

24. परिशिष्ट/विलोपन/शुद्धिपत्र (यदि कोई हो) केवल संस्थान की वेबसाइट यानी http://www.ipr.res.in/advertisements.html पर पोस्ट किया जाएगा। उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे अपडेट के लिए नियमित रूप से संस्थान की वेबसाइट देखते रहें।

25. इस विज्ञापन से उत्पन्न कोई भी विवाद केवल गांधीनगर/अहमदाबाद स्थित न्यायालयों/न्यायाधिकरणों के एकमात्र क्षेत्राधिकार के अधीन होगा।

26. वे अभ्यर्थी जिनका चयन नहीं किया गया है, उनके रिकार्ड चयनित अभ्यर्थियों की सूची के प्रकाशन की तिथि से केवल एक वर्ष की अवधि तक ही सुरक्षित रखे जाएंगे।

27. आवेदक, आवेदन को भरकर स्वयं को नैतिक आचरण के उच्चतम मानकों के लिए प्रतिबद्ध करते हैं। गलत दस्तावेज़ या किसी भी प्रकार के अनुयाचन या किसी भी स्तर पर भर्ती की प्रक्रिया को प्रभावित करने से न केवल आवेदन को अस्वीकार किया जाएगा बल्कि उस पर कानूनी कार्रवाई भी की जा सकती है।

# <u>आवेदन कैसे करें</u>

इच्छुक उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे संस्थान की वेबसाइट **http://www.ipr.res.in/documents/jobs_career.html** पर दिनांक **13/10/2023 (शाम 5.30 बजे तक)** तक ऑनलाइन आवेदन करें।

**ऑनलाइन आवेदन भरते समय आवेदकों को निम्नलिखित दस्तावेज अपलोड करने होंगे:**

1. हाल ही का एक पासपोर्ट आकार का रंगीन फोटोग्राफ।

2. निम्नलिखित सहायक दस्तावेजों की प्रतियां।:

   I. आयु का प्रमाण। (उपरोक्त सामान्य जानकारी के क्रमांक 14 को देखें
   II. शैक्षिक मार्कशीट / प्रमाण पत्र / डिग्री।
   III. अनुभव प्रमाण पत्र (ओं) (यदि लागू हो)।
   IV. निर्धारित प्रारूप में जाति/समुदाय/वर्ग का प्रमाण पत्र (यदि लागू हो)
   V. भुगतान रसीद की प्रति (यदि कोई हो)
   VI. कोई अन्य संबंधित दस्तावेज।

**<u>कृपया ध्यान दें कि आवेदन और सहायक दस्तावेजों की हार्ड कॉपी भेजने की आवश्यकता नहीं है।</u>**

ऑनलाइन आवेदन भरने में किसी भी समस्या के मामले में, कृपया recruitment@ipr.res.in को संपर्क करें

**संस्थान का प्रयास हमेशा ही लिंग संतुलन दर्शाने वाला जनबल का रहा है और महिला उम्मिदवारों को आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।**

**मुख्य प्रशासनिक अधिकारी**

***